राजस्थान कल्याण परिषद् नोएडा

राजस्थान कल्याण परिषद्

द्वारा

प्रियागोल्ड गणगौर महोत्सव

27 मार्च - 29 मार्च 2020

स्थानः शिल्प हॉट, सैक्टर 32, नोएडा, उत्तर प्रदेश



Title Sponsor:

Media Partner:

Event Sponsor: Haldiram's, HIMCHEM INDUSTRIES

Lead Sponsor: BHUTANI INFRA, DS GROUP

PRIYAGOLD

महोत्सव में राजस्थानी व्यंजन कला व शिल्प की झलकियां



राजस्थान कल्याण परिषद्, नोएडा

राजस्थान कल्याण परिषद्, नोएडा की प्रमुख सांस्कृतिक व समाज सेवी संस्था है। सन् 1990 में स्थापित संस्था सेवा के हर क्षेत्र में अग्रणी है। संस्था नोएडा और आसपास के क्षेत्रों के हजारों राजस्थानी प्रवासी परिवारों का प्रतिनिधत्व करती है। परिषद के सदस्य इंडस्ट्रियलिस्ट्स, व्यावसायी, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स, इंजिनियरर्स, साइंटिस्ट्स एवं सभी उम्र व वर्ग के लोग हैं। सदस्यों में उम्रदराज की परिपक्वता व अनुभवों के निचोड़ के साथ युवाशक्ति की कदमताल व उमंग है। नोएडा के वर्तमान सांसद व पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री डा. महेश शर्मा एवम् नोएडा के प्रमुख उद्योगपति प्रिया गोल्ड के चैयरमेन व परिषद् के पूर्वाध्यक्ष श्री बी.पी. अग्रवाल का संस्था को हरदम सहयोग रहा है।

राजस्थानी प्रवासी बंधुओं में आपसी मेलजोल व राजस्थानी कला, भाषा संस्कृति व संस्कारों के संवर्द्धन व उन्हे नयी पीढी में जीवन्त रखने के लिये तीज त्यौहार, दीवाली, होली, गणगौर आदि सांस्कृतिक पर्वों पर हम विशिष्ट सार्वजनिक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करते है।

विगत् 22 वर्षों से संस्था चैरिटेबल पॉलिक्लीनिक चला रही है जिससे हर साल हजारों रोगी लाभान्वित होते हैं। इसी प्रकार प्रति–मास समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, व्यापार, साइन्स–विज्ञान के क्षेत्र में विशेष सेवा देने वाले विशेषज्ञों को समाज के प्रबुध्द नागरिकों के बीच सेमिनार/वार्ता के लिए आमन्त्रित करते है। राष्ट्रीय आपदा के समय सहयोग, समय–समय पर चिकित्सा शिविर एवम् रक्त दान शिविर, मेधावी छात्र सम्मान, गत 15 वर्षों से प्याऊ संचालन व जरुरतमंदों को सहायता आदि कतिपय कार्य परिषद् करती रहती है।

गणगौर महोत्सव

गणगौर राजस्थान का प्रमुख एवम् विशिष्ठ त्यौहार ही नहीं वरन् राजस्थानी संस्कृति व जन आस्था का प्रतीक है। राजस्थान के बड़े से बड़े शहर जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, बीकानेर और छोटे से छोटे शहर व गांवों में गणगौर का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। चैत्र कृष्णा 1 से चैत्र शुक्ल तृतीया तक 18 दिनों तक चलने वाले पर्व में कुंवारी लड़कियां गौर (पार्वती) व ईशर (शिव) की पूजा मन इच्छित वर पाने के लिए व सुहागिन स्त्रियां पति की लम्बी आयु के लिए करती है।

परिषद् विगत 17 वर्षों से गणगौर का अठारह दिवसीय कार्यक्रम बहुत ही उत्साह व उमंग के साथ सनातन धर्म मंदिर, सेक्टर 19, नोएडा में मनाती आ रही है। जिस प्रकार गुजरात का डांडिया, महाराष्ट्र का गणेशोत्सव, बंगाल की दुर्गा पूजा व बिहार की छठ पूजा ने पिछले 20 वर्षों में दिल्ली एनसीआर व नोएडा में इन प्रदेश के प्रवासियों को पहचान दी है इसी तरह हमारा भी लक्ष्य है कि हम इस गणगौर मेले के माध्यम से अपनी समृद्ध कला, संस्कृति, धरोहर व भाषा को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में प्रभावी तरीके से पेश करें और राजस्थानी प्रवासी बंधुओं को जोड़ने का पुरजोर प्रयास करें।

परिषद् ने इस वर्ष राजस्थान दिवस के अवसर पर वृहद् तौर पर तीन–दिवसीय गणगौर महोत्सव मेले के रुप में आयोजित करने का निश्चय किया है। यह मेला नवनिर्मित नोएडा शिल्प हाट में आगामी 27 से 29 मार्च, 2020 को आयोजित करने जा रहे हैं। नोएडा शिल्प हाट दिल्ली हाट से बड़ा व सभी आवश्यक सुविधाओं, एम्फिथियेटर व 1000 गाड़ियों की अंडरग्राउंड पार्किंग सहित बहुत ही विशाल हाट है। इसमें सुनियोजित 150 दुकानें, एक्जिविशन हॉल व मीटिंग हॉल हैं। नोएडा के मध्य में स्थित शिल्प हाट नोएडा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास है।

इस मेले में राजस्थानी हैंडीक्राफ्ट्स, हैंडलूम, कुटीर उद्योग, पारंपरिक खानपान के स्टालों के अलावा हर दिन अलग अलग समय पर राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा गायन, नृत्य व कला की प्रस्तुतियाँ चलती रहेगी। मेले का प्रचार व सूचना नोएडा, दिल्ली व एनसीआर में होर्डिंग, पेम्फलेट, समाचार पत्र एवम् सोशल मीडिया के माध्यम से किया जायेगा। मेले में अच्छी उपस्थिति रहेगी। इस मेले में 20,000 से अधिक लोगों के आने का अनुमान है। यह मेला निराला, विशाल व बहुत ही आकर्षक होगा और राजस्थानी कला संस्कृति व भाषा को नोएडा, दिल्ली व एनसीआर में संवर्द्धन और प्रचार–प्रसार करने का काम करेगा।

नोएडा शिल्प हॉट

परिषद् द्वारा गत वर्षों में किए गए कार्यों की झलकियां

दिवाली मिलन

भारत पर्व में सदस्यों द्वारा इंडिया गेट पर प्रस्तुति

तीज महोत्सव

बाल प्रतिभा सम्मान समारोह

चिकित्सा शिविर

आयोजन समिति

अनिल अग्रवाल	जी.पी. केडिया	पवन शर्मा	विजय सोनी
अन्जनी कुमार सराफ	महेन्द्र शाह	आर. सी. बजाज	विष्णु गोयल
अरविन्द सोनी	ओ.पी. बंसल	राजेश खण्डेलवाल	वी. एन. पारीक
दिनेश चांडक	प्रकाश ईनानी	राजीव गुप्ता	कुमार आलोक श्राफ
जी.सी. माहेश्वरी	प्रदीप मेहता	सुरेश पुरोहित	कपिल लखोटिया

अरविन्द बैद	जीवन डी. जैन	जुगल किशोर भारती
अध्यक्ष	*महासचिव*	*कोषाध्यक्ष*
98682 44027	98105 80600	99717 38855

राजस्थान कल्याण परिषद्, नोएडा
सी–33, सैक्टर–2, नोएडा–201301
ई–मेलः rkpnoida1990@gmail.com
वेबसाईटः www.rkp.org.in